04.11.24



Tender Heart High School, Sector-33 B, Chandigarh.

कक्षा - तीसरी

विषय - हिन्दी सुलेख

शिक्षिका - श्रीमती सुमन शर्मा
श्रीमती कल्पना शर्मा

## पुस्तक : 'सरल हिन्दी सुलेख' भाग-तीन

प्यारे बच्चो !

आप सभी अपनी-अपनी पुस्तक 'सरल हिन्दी सुलेख' भाग-तीन में नियमानुसार अभ्यास कर रहे होंगे। सभी छात्रों का इस कार्य को करना आवश्यक है। इसे करने से आप अपनी हिन्दी की लिखाई में सुधार कर सकते हैं। यह पुस्तक आपकी लिखाई सुधारने में सहायता करेगी। सभी का इस कार्य को रुचि से करना आवश्यक है। जब भी आप सुलेख लिखें, इस बात का ज़रूर ध्यान रखें कि आप जिस पेंसिल से लिख रहे हैं वह तीखी हो। बार-बार गलतियाँ न करें अथवा गलत शब्द लिख कर आप रबड़ का इस्तेमाल करेंगे। अधिक इस्तेमाल करने से आपका कागज़ फट भी सकता है। आपके शब्द अथवा वाक्य इस प्रकार से लिखे होने चाहिए कि पढ़ने वाले को साफ़ समझ में आ जाएँ।

अध्यापिका द्वारा आपको सरल हिन्दी सुलेख में अभ्यास करने के साथ-साथ अलग से एक पुस्तिका में भी कुछ शब्दों का अभ्यास करने के लिए दिया जा रहा है। इस सप्ताह आपको गृहकार्य के साथ-साथ 'ज' वर्ण तथा 'ज' वर्ण से जुड़े चार शब्दों का

कक्षा- तीसरी
विषय- हिन्दी सुलेख


शिक्षिका- श्रीमती सुमन शर्मा
श्रीमती कल्पना शर्मा

अभ्यास करने के लिए दिया जा रहा है।







1. जंगल



2. जहाज़



3. जग



4. जड़

इस प्रकार निरन्तर अभ्यास द्वारा सभी छात्र अपनी हिन्दी की लिखाई में सुधार ला सकते हैं।

## गृहकार्य

सभी छात्र पृष्ठ संख्या-23 को सरल हिन्दी सुलेख की पुस्तक पर लिखने का अभ्यास करेंगे। सुलेख लिखते समय आप अध्यापिका द्वारा बताई बातों का अवश्य ध्यान में रखेंगे।

धन्यवाद ।

स्वच्छता स्वास्थ्य की कुंजी है।

स्वच्छता स्वास्थ्य की कुंजी है।

समय को व्यर्थ नष्ट न करो।

समय को व्यर्थ नष्ट न करो।